295. एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) कार्यक्रम के तहत जयपुर से निम्नलिखित में से किस उत्पाद को चिन्हित किया गया है?

(a) रत्न और आभूषण (b) चाँदी के बर्तन

(c) ब्लू पॉटरी (d) डाबू प्रिन्ट

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (c) : एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) कार्यक्रम के तहत जयपुर से ब्लू पॉटरी उत्पाद को चिन्हित किया गया है इस योजना के अन्तर्गत राजस्थान के 33जिलों के लिये 33 प्रोडक्ट्स चिन्हित किये गये है। अन्य प्रमुख ODOP है।

अलवर	–	प्याज
अजमेर	–	गुलाब
कोटा	–	धनिया
बाडमेर	–	अनार
बीकानेर	–	मोठ
चित्तौड़गढ़	–	गुड़

296. राजस्थान के बाँसवाड़ा जिले ने राष्ट्रीय जल पुरस्कार (पश्चिमी क्षेत्र) 2022 में-----स्थान प्राप्त किया।

(a) द्वितीय (b) तृतीय

(c) चतुर्थ (d) पाँचवाँ

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (a) : राजस्थान के बाँसवाड़ा जिले ने राष्ट्रीय जल पुरस्कार (पश्चिमी-क्षेत्र) 2022 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह तीसरा राष्ट्रीय जल पुरस्कार है जिसमें उत्तर प्रदेश ने सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में पहला जबकि राजस्थान ने दूसरा स्थान हासिल किया है। ''सर्वश्रेष्ठ जिला'' पश्चिम क्षेत्र में पहला स्थान इंदौर को जबकि दूसरा स्थान संयुक्त रूप से बांसवाड़ा व बड़ोदरा को प्राप्त हुआ है।

297. विद्युत मंत्रालय के अधीन आर ई सी की ओर से जारी कन्ज्यूमर सर्विस रेटिंग ऑफ डिस्कॉम 2020-2021 में देश के श्रेष्ठ चार डिस्कॉम में राजस्थान के कौन से दो डिस्कॉम को ए प्लस ग्रेड मिली है?

(a) जयपुर एवं जोधपुर डिस्कॉम

(b) अजमेर एवं जोधपुर डिस्कॉम

(c) जयपुर एवं अजमेर डिस्कॉम

(d) अजमेर एवं कोटा डिस्कॉम

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (a) : विद्युत मंत्रालय के अधीन REC की ओर से जारी कन्ज्यूमर सर्विस रेटिंग ऑफ डिस्कॉम 2020-21 में देश के श्रेष्ठ 4 डिस्कॉम में राजस्थान के दो डिस्कॉम-जयपुर व जोधपुर डिस्कॉम को ए प्लस (A^+) ग्रेड मिली है। अजमेर डेस्काम को ए-ग्रेड मिला है। बिजली उपभोक्ताओं की सेवा एवं उसकी सिकायतों के निस्तारण के मामले में तीनो डिस्काम का देश में बेहतर प्रदर्शन रहा है।

298. विश्व आदिवासी दिवस, मनाया जाता है–

(a) 8 अगस्त को (b) 9 अगस्त को

(c) 10 अगस्त को (d) 7 अगस्त को

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (b) : विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को मनाया जाता है। इस दिन संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO) ने आदिवासियों के भले के लिये एक कार्यदल गठित किया था जिसकी पहली बैठक 9 अगस्त 1982 को हुई थी। उसी समय से UNO ने प्रतिवर्ष 9 अगस्त को आदिवासी दिवस मनाने की घोषणा की। वर्ष 2022 के लिए विश्व आदिवासी की थीम पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण और प्रसारण में स्वदेशी महिलाओं की भूमिका है।

299. डिजिटल बाल मेला एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में ------2022 से प्रदेश भर में अभियान 'मैं बाल सरपंच' की शुरूआत की गई।

(a) जून (b) जुलाई

(c) अक्टूबर (d) अगस्त

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (c) : डिजिटल बाल मेला एवं यूनिसेक के संयुक्त तत्वाधान में 2अक्टूबर,2022 से प्रदेश भर में अभियान ''मै बाल सरपंच'' की शुरूआत की गई। इसकी शुरूआत राजस्थान के नागौर जिले के बरांगना पंचायत क्षेत्र से की गई। 2अक्टूबर-1959 के दिन भारत में पहली बार राजस्थान के नागौर जिले से ही पंचायतीराज की शुरूआत हुई थी।

300. अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शालिनी पाठक, जो हाल ही में चर्चा में थी, किस खेल से सम्बन्धित हैं?

(a) वॉलीबॉल (b) कबड्डी

(c) खो-खो (d) बैडमिन्टन

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (b) : शालिनी पाठक कबड्डी खेल से संबंधित है। यह राजस्थान की पहली महिला राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी है। वर्तमान में वह राजस्थान पुलिस में डिप्टी एसपी के पद पर कार्यरत है। वर्ष 2006 में साउथ एशियन गेम में भागीदार रही और भारतीय टीम को गोल्ड मेडल दिलाया। इण्डोनेशिया में 18वें एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली महिला टीम का भी हिस्सा थी।

301. जगदीप धनकड़, जो राजस्थान के रहने वाले हैं, भारत के .... उपराष्ट्रपति हैं।

(a) 13 वें (b) 12 वें

(c) 15 वें (d) 14 वें

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (d) : श्री जगदीप धनखड़ भारत के चौदहवें उपराष्ट्रपति के रूप में अगस्त 2022 में निर्वाचित हुए। श्री धनखड़ ने प्रारंभिक शिक्षा ग्राम किठाना के राजकीय प्राथमिक विद्यालय से की थी।